लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *23
21 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन योजना

***23. श्रीमती जून मालिया:**

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान वस्त्र और परिधान क्षेत्र में सृजित रोजगार का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के कार्यान्वयन के बाद रोजगार में वृद्धि हुई है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 21.07.2026 को श्रीमती जून मालिया द्वारा पूछे गए लोकसभा के तारांकित प्रश्न संख्या *23 उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना के उत्तर के संदर्भ में उल्लिखित विवरण।

(क): देश में वस्त्र उद्योग रोजगार के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (Periodic Labour Force Survey) के अनुसार, वर्ष 2023-24 के दौरान वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में कुल 4.91 करोड़ श्रमिक कार्यरत थे, जो वर्ष 2021-22 की तुलना में 16% की वृद्धि को दर्शाता है। वस्त्र क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) [SAMARTH (Scheme for Capacity Building in the Textiles Sector)], राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (NHDP), राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (NHDP), राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (NTTM), पीएम-मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान पार्क (PM-MITRA) योजना तथा उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना आदि जैसी विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को लागू किया है।

(ख) और (ग): जी हाँ, वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना ने एमएमएफ परिधान, एमएमएफ फैब्रिक्स और तकनीकी वस्त्रों के निर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करके रोजगार सृजन में योगदान दिया है। इसमें भाग लेने वाली कंपनियों द्वारा रिपोर्ट की गई प्रगति के अनुसार, 31 मार्च 2026 तक योजना के तहत कुल 33,427 व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजित हुआ है।

*****